अमर उजाला

# वृंदावन में पकड़ी नकली शराब बनाने की फैक्टरी, 10 गिरफ्तार

आगरा ब्यूरो Updated Wed, 29 May 2019 12:03 AM IST





पकड़े गए आरोपी, साथ में पुलिस। - फोटो : अमर उजाला

वृंदावन (मथुरा)। वृंदावन में पुलिस की नाक के नीचे नकली शराब की फैक्टरी चल रही थी। वृंदावन पुलिस ने इसे चलाने वाले दस लोगों को गिरफ्तार किया है। पागल बाबा बिजलीघर के निकट मकान में नकली शराब की फैक्ट्री चलाने वाले अलीगढ़ कुराना निवासी हरेन्द्र उर्फ गौरव, राजकुमार उर्फ पिंटू, अजय कुमार, सतेन्द्र सिंह मांट नगला सिरिया निवासी अशोक, धर्मेन्द्र सिंह राजेश, सोनू मांट लोहागढ़ निवासी राजू, दीवानाकला निवासी शंकरलाल को गिरफ्तार किया है।

जबकि फरार नगला सिरिया निवासी गजेन्द्र एवं दीवान कला के राजकुमार उर्फ रामू, सुंदर तथा अन्य तीन को फरार बताया है। पकड़े गए शराब माफिया से 55 पेटी देशी एवं अंग्रेजी नकली शराब, 77 कैन स्प्रिट, 15 कैन खाली बोतलों को सील करने की मशीन, 9 बोरी पैकिट वाले पउआ, बोतलों के ढक्कन, नए खाली पउआ, डेढ़ किलो नशीला पाउडर और तीन कार बरामद की है ।

जिले में बढ़ने लगा है नकली शराब का धंधा

मथुरा। वृंदावन में नकली शराब बनाने की फैक्टरी के पकड़ में आने की घटना ने पुलिस अफसरों के कान खड़े कर दिए हैं। कुछ दिन पहले ही राया क्षेत्र में भी शराब बनाने का जखीरा पकड़ा गया था। इससे तय हो गया है कि जनपद में नकली शराब का कारोबार तेजी के साथ फलफूल रहा है। यह स्थिति बाराबंकी जैसी घटना को अंजाम दे सकती है।

मंगलवार को सुबह ही यह सूचना आई कि बांकेबिहारी की नगरी वृंदावन में नकली शराब बनाने की फैक्टरी पकड़ी गई है। इसी के साथ यह सूचना भी आई कि नकली शराब पीने से बाराबंकी जनपद में छह लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही घटनाओं ने अफसरों के साथ आम लोगों को भी चिंता में डाल दिया। इसका कारण कुछ दिन पहले राया के पास भी ऐसी ही नकली शराब की फैक्टरी का पकड़ा जाना रहा। यह दोनों ही घटनाएं दर्शा रही हैं कि जनपद में नकली शराब का कारोबार तेजी से फैल रहा है।

यहां भी नकली शराब बनाने वालों के हौसले बढ़ रहे हैं। कहा जा रहा है कि वृंदावन में पकड़ी गई फैक्टरी लंबे समय से यहां संचालित हो रही थी। यहां से वृंदावन में ही नहीं हाईवे के आसपास कॉलोनियों सहित यमुनापार के क्षेत्र मांट, नौहझील आदि तक सप्लाई की जाती थी। खासकर लोकसभा चुनावों में जनपद में नकली शराब की जमकर सप्लाई की गई। करीब चार वर्ष पूर्व भी जैंत में इस प्रकार की नकली शराब की फैक्ट्री का भांडा फूटा था । एसपी सिटी राकेश कुमार ने बताया कि फैक्टरी विगत एक माह से चल रही थी। हम ऐसी किसी भी सूचना पर कार्रवाई करने को तैयार हैं ।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/agra/1559059347910-agra-news24